अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 2 अप्रैल 2026
चैत्र पूर्णिमा
विक्रम संवत-2083

PAGE NO. 06, MIDDLE

एसआरएमएस की विशेष कार्यशाला में विद्यार्थियों को मिला प्रशिक्षण

बरेली (वि)। श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस) के ट्रेनिंग, डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय (30 मार्च से 01 अप्रैल 2026) विशेष वर्कशॉप का बुधवार को समापन हुआ। संस्थान के नए सभागार में आयोजित इस कार्यशाला में वोडावेल फार्मा प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर डॉ. प्रमित कुमार ने छात्र-छात्राओं को 'गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज'(जीएमपी) की उपयोगिता एवं तकनीकी बारीकियों का विस्तार से प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के आरंभ में निदेशक (ट्रेनिंग डेवलवमेंट एंड प्लेसमेंट) डॉ. अनुज कुमार ने मुख्य वक्ता का स्वागत कर विद्यार्थियों को उनके अनुभवों से अवगत कराया। कार्यशाला में बीफार्म और एमफार्म के तृतीय व अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने तकनीकी विशेषज्ञों से व्यक्तिगत प्रशिक्षण प्राप्त किया। डॉ. प्रभाकर गुप्ता और डॉ. अनुज कुमार ने वोडावेल फार्मा की टीम का आभार व्यक्त किया। रिया मेरी रेजो और राहुल सक्सेना ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।